**Regarding need to set up a centre of Agricultural and Processed Food Products Export Development Authority (APEDA) in Siddharthnagar, Uttar Pradesh to promote export of Kalanamak rice from the state-Laid**

श्री जगदम्बिका पाल **(**डुमरियागंज**) :** कालानमक चावल सिद्धार्थनगर के तराई क्षेत्र और पूर्वी उत्तर प्रदेश के दस जिलों में उगाया जाता है, जिसे 'बुद्ध का महाप्रसाद' के रूप में भी जाना जाता है । बौद्ध देशों में इसे 'बुद्ध चावल' के रूप में पुनः ब्रांडेड किया गया है । उत्तर प्रदेश सरकार इसे एक जनपद एक उत्पाद (ODOP) योजना के तहत बढ़ावा दे रही है । 2020 में इसका क्षेत्रफल 5,000 हेक्टेयर था, जो 2021 में बढ़कर 12,000 हेक्टेयर हो गया । कालानमक चावल में 11% प्रोटीन होता है, जो सामान्य चावल से दोगुना है । इसके साथ ही, यह प्रति इकाई क्षेत्र में तीन गुना मुनाफा देता है । कालानमक चावल शरीर को मजबूत बनाने, रक्तचाप, मधुमेह और त्वचा की समस्याओं को नियंत्रित करने में मदद करता है । कालानमक चावल भारत के कृषि निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है । इस संदर्भ में, मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि सिद्धार्थनगर में एक APEDA केंद्र स्थापित किया जाए, ताकि विशेष रूप से बौद्ध देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कालानमक चावल को बढ़ावा देने के लिए ठोस पहल की जा सके ।